


MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक168 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 13 मार्च 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार

पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## छिंदवाड़ा से नकुलनाथ मंडला से ओंकार मरकाम कांग्रेस के प्रत्याशी



सिवनी यशोः- अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दूसरी सूची जारी की। 43 नामों की सूची में मध्य प्रदेश से 10 प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया है। इसमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर बालाघाट समेत 18 नामों को अभी होल्ड पर रखा गया है। 10 प्रत्याशियों में छिंदवाड़ा सीट से मौजूदा सांसद नकुलनाथ का नाम है। कांग्रेस ने अपनी साख बचाने के लिए तीन मौजूदा विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, दिग्गज नेताओं के चुनाव लड़ने से इनकार के बाद नए चेहरे को मौका दिया गया है।
छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस ने वर्तमान सांसद नकुलनाथ को ही प्रत्याशी बनाया है। इसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी थी।

मंडल लोकसभा से ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी विधायक को कांग्रेस ने टिकिट दिया है । अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा सीट पर मरकाम का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते से है। मरकाम पिछला लोकसभा चुनाव कुलस्ते से 1 लाख से ज्यादा वोटों से हार गए थे। मरकाम वर्तमान में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य है। फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला से विधानसभा चुनाव हार गए थे। ऐसे में लोकसभा चुनाव में उनको मरकाम से कड़ी टक्कर मिल सकती है।
इसी के साथ ही कांग्रेस ने धार लोकसभा से कांग्रेस ने राधेश्याम मुवैल,सीधी से कमलेश्वर पटेल,खरगोन से पोरवाल खरत,बैतूल से रामू टेकाम,देवास से राजेंद्र मालवीय,टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार,भिंड से फूल सिंह बरैया एवं सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा को टिकिट दिया है ।

# भाजपा में माथा पच्ची जारी, भारती के नाम पर बंट गयी मिठाई

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 24 सीटों पर पर तो प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया, लेकिन 5 सीटों पर उमीदवार तय नहीं कर पा रही हैं। बीते सोमवार की शाम हुई केंन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश की होल्ड 5 सीटों पर उमीदवारों को लेकर मंथन किया गया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई है। प्रदेश की इंदौर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, धार और बालाघाट लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है। वहीं कांग्रेस ने भी मंगलवार को दूसरी सूची जारी कर दी है जिसमें मध्यप्रदेश की दस सीटे पर प्रत्याशी घोषित है जिसमें छिंदवाड़ा से नकुलनाथ का नाम है परंतु बालाघाट सीट पर कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है बताया जाता है कि बालाघाट लोकसभा से कांग्रेस कमलनाथ को चुनाव लड़ना चाह रही थी परंतु कमलनाथ के मना करने के बाद यहाँ कांग्रेस के लिये मुश्किल हो रही है जानकारी के अनुसार बालाघाट लोकसभा से कांग्रेस पूर्व विधायक हिना कांवरे या फिर बालाघाट से विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को प्रत्याशी बना सकती है और कांग्रेस भी इस सीट पर महिला प्रत्याशी बनाना चाह रही है वहीं बालाघाट में भाजपा भी महिला प्रत्याशी को घोषित करेगी ऐसी संभावनाा जतायी जा रही है ।

### सोशल मीडिया में दिन भर चला भारती पारधी का नाम

जानकारी के अनुसार 5 लोकसभा सीटों पर टिकटों को लेकर चल रहे मंथन के बीच संभावित प्रत्याशियों के नाम जमकर घमासान मचा हुआ है और कुछ दावेदार अपनी दावेदारी के लिये शक्ति प्रदर्शन करने दिल्ली तक पहुँच रहे है तो कुछ अपनी दावेदारी के लिये समर्थकों के माध्यम से प्रयास कर रहे है और बगावत के सुर दिखाई देने लगे है बालाघाट लोकसभा से गौरीशंकर बिसेन अपनी पुत्री मौसम बिसेन को टिकिट देने दिलाने के हर संभव प्रयास कर रहे है और दिल्ली दरबार में डटे हुये है वहीं मंगलवार को दिन भर खबर चलते रही कि भारती पारधी के नाम पर मुहर लग चुकी है । सोशल मीडिया में बालाघाट से भारती पारधी को टिकिट मिलना प्रचारित होते रहा है और बालाघाट में बधाई और विरोध सोशल मीडिया में बराबर से दिखाई देते रहा परंतु



अभी तक अधिकृत घोषणा नहीं हुई और इस प्रकार की बधाईयों का हश्र बहुत अच्छा नहीं होता यह बात भी आमजनों के बीच रही है ।

इसी प्रकार से खबर है कि छिंदवाड़ा से पूर्व मंत्री चंद्रभान सिंह ने टिकट वितरण को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राजधानी भोपाल में भाजपा नेताओं से मुलाकात की है। पूर्व मंत्री चंद्रभान सिंह ने छिंदवाड़ा सीट से दावेदारी कर रहे विवेक साहू का विरोध किया है। तो वही इंदौर लोकसभा से दिव्या गुप्ता को टिकट मिलने को लेकर विरोध शुरू हो गया हैं। इसी तरह धार, उज्जैन और बालाघाट में टिकटों को लेकर भाजपा नेता एक मत नहीं है और बताया जा रहा है कि अधिकृत रूप से सूची जारी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है ।

### 5 सीटों के संभावित उमीदवार

जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी पांच सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान अपनी दूसरी सूची में कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि पांचों सीटों पर संभावित उमीदवारों के नाम व्यापक चर्चा में है और दावा किया जा रहा है कि छिंदवाड़ा से विवेक साहू या फिर मोनिका बट्टी, इंदौर लोकसभा से दिव्या गुप्ता, उज्जैन लोकसभा से रानी जाटवा, धार लोकसभा से सावित्री ठाकुर या फिर गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी तथा बालाघाट लोसकभा सीट से भारती पारधी या श्रीमती मीना बिसेन का नाम भाजपा घोषित कर सकती है ।

## कांग्रेस में छायी निराशा,दिग्गजो का चुनाव से इंकार



मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बेहद निराश और हताशा में डूबे हुये है और कांग्रेस के अंदर घोर निराशा का कारण है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनावी राजनीति से दूर भाग रहे है । प्रदेश में एक समाचार प्रमुखता के साथ प्रसारित हो रहा है जिसमें कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सबसे पहले फैसला यह हुआ है कि, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे। कांग्रेस ने यह तो एलान कर दिया कि यह दोनों नेता चुनाव नहीं लड़ेंगे परंतु यों नहीं लड़ेंगे यह स्पष्ट नहीं किया गया और न ही यह बताया जा रहा है कि इससे कांग्रेस को फयादा या होगा । आम कांग्रेसियों को लग रहा है कि जब कांग्रेस मुश्किल है तब इन बड़े नेताओं को चुनाव लड़कर हौसलाफजाई करना चाहिए परंतु यह तो चुनावी राजनीति से दूर भाग रहे है । कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के लिये ज्योतिरादित्य सिंधिया के विरोध में चुनाव लड़ने का अच्छा अवसर था हार जीत अलग बात है परंतु इससे कार्यकर्त्ताओं का हौंसला बढ़ता वहीं कमलनाथ जैस शीर्ष नेता विधायक बनकर पाँच साल काटने पर मजबूर है और उन्हें हार का डर सता रहा है । हार के डर से कांग्रेस के दिग्गज चुनाव नहीं लड़ रहे और छोटे कार्यकर्त्ताओं को दांव पर लगा रहे है । जबकि कांग्रेस को आज विपक्ष में बैठने के लिये भी अनुभवी नेताओं की आवश्यकता है ।

**वन है तो जल है और जल है तो कल है । वन और जल का संरक्षण करें**

## श्रीमती गंगा बाई अग्रवाल दिवंगत



सिवनी यशोः- नगर के प्रतिष्ठित अनाज एवम राइस मिल व्यवसायी स्व.भगवान दास जी की धर्म पत्नि एवम तरुण अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल तथा राधेश्याम अग्रवाल की माता जी श्रीमती गंगा बाई अग्रवाल का मंगलवार को आसमयिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मार्च बुधवार को सुबह 10 बजे जठार हॉस्पिटल बारापत्थर के पास स्थित किशन अग्रवाल के निज निवास से मोक्षधाम रवाना होगी।
श्रीमती गंगा बाई अग्रवाल के असामयिक निधन पर अग्रवाल समाज समिति ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## जबरन नॉलेज




## कैबीनेट मंत्री प्रहलाद पटेल 14 को सिवनी प्रवास पर



सिवनी यशोः- लोकसभा चुनाव की दृष्टि से प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आगामी 14 मार्च को बालाघाट लोकसभा क्षेत्र में प्रवास कार्यक्रम प्रस्तावित है । भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय प्रवास विभाग द्वारा प्राप्त कार्यक्रम अनुसार श्री पटेल प्रातः 10 बजे बरघाट विधानसभा के ग्राम आष्टा पहुँचकर प्रतिष्ठित काली मंदिर में दर्शन कर अपने कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे श्री पटेल मंदिर दर्शन के पश्चात कार्यकर्त्ताओं से चर्चा करेंगे तथा आष्टा से कटंगी के लिये रवाना होंगे जहाँ सुबह 11 बजे पहुँचकर पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा लाभार्थी संपर्क अभियान एवं शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे । इसके पश्चात वारासिंवनी एवं बालाघाट के कार्यक्रम शामिल होने के पश्चात श्री पटेल दोपहर के पश्चात धारना मंडल के ग्राम पौनार में जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे तथा स्थानीय जनों से चर्चा करेंगे । भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार के पंचायत मंत्री अपरान्ह 4:00 बजे बरघाट नगर के आदर्श लॉन में आयोजित कोहार्ट मिलन कार्यक्रम के तहत प्रबुद्धजन स मेलन में शामिल होकर उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करेंगे ।

प्रदेश सरकार के पंचायत मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद सिंह पटेल के जिले में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सं या में उपस्थिती की आग्रह भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने किया है तथा संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों से कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया है ।

# सीएए मानवीय दृष्टि से मोदी सरकार का श्रेष्ठ कदम - दिवाकर

सिवनी यशोः- देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून सीएए को लागू करने का जसे निर्णय लिया वह अभिनंदनीय एवं मानवीय कानून है जिसके माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान के पीड़ित हिंदू एवं अल्पसं यक समुदाय को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करते हुए भारत की नागरिकता के उनके वर्षो के सपने को साकार करने की दिशा प्रशस्त होगी। नागरिकता संशोधन कानून एक मानवीय और भारत की महान संस्कृति का हिस्सा है जिसमें अपने पीड़ित जनों को सहारा देने का भाव समाहित है । इस कानून से देश के किसी भी व्यक्ति, समुदाय का अहित नहीं होगा बल्कि दुखित व्यक्ति जिनकी पीढ़ियाँ बंटवारे के दंश के कारण धार्मिक कट्टरता वाले देश का हिस्सा बन गयी और वहाँ लंबे समय से असहनीय यातनाएँ झेलते हुये भारत आकर शरणार्थी का जीवन जी रहे है और



**नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता देने वाला कानून है, किसी की नागरिकता छीनने वाला नहीं , विपक्षी पार्टियाँ राजनैतिक लाभ के लिये भ्रम फैला रही है**

भारत माता के प्रति अपनी निष्ठा रख रहे है भारत का नागरिक बनने के लिये तैयार है ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन कानून के तहत नागरिकता प्रदान करने प्रावधान है जो सरकार के मानवीय दृष्टि से बहुत ही स्वागत योग्य कानून है परंतु इस कानून का विपक्षी ताकते राजनैतिक लाभ के लिये गलत तरीके से प्रचार कर रही है जो निंदनीय तथा ओछी राजनीति का हिस्सा है । इस प्रकार की प्रतिक्रिया पूर्व विधायक और भाजपा नेता नरेश दिवाकार द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त की गयी है ।
श्री दिवाकर ने कहा कि सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसं यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।
मानवीय दुष्टि से सबसे श्रेष्ठ इस कानून के संबंध में देश की विपक्षी पार्टिया राजनैतिक लाभ के लिये भ्रम फैलाने का काम कर रही है । श्री दिवाकर ने कहा कि यह कानून नागरिकता देने के लिये है किसी की नागरिकता पर खतरा नहीं है परंतु कांग्रेस एवं वामपंथी विचारधारा के लोग इस कानून के संबंध में भ्रम की स्थिती निर्मित कर देश की जनता को भ्रमित कर डराने का काम कर रहे है । नागरिकता संशोधन कानून गांधीवादी विचारधारा और मानवीय दुष्टि से लिया गया राष्ट्रहित का अनुपम उदाहरण है । श्री दिवाकर ने कहा कि 1947 में धर्म के आधार पर भारत विभाजन हुआ था और उस समय यह तय हुआ था कि भारत में रह गये अल्पसं यको की चिंता पाकिस्तान करेगा और पाकस्तान में रहने वाले अल्पसं यक हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई की चिंता भारत करेगा । भारत में रहने वाला अल्पसं यक भारत की संस्कृति में घुल मिल गया और हम सब प्रेम सदभाव से रहते है यहाँ के अल्पसं यको को वह सारे अधिकार है जो बहुसं यको को है परंतु पाकस्तान, अफगानिस्तान एवं बंगलादेश में रहने वाले अल्पसं यक अर्थाक हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई बेहद प्रताड़ित है और यह अपनी जान बचाकर भारत के शरणार्थी के रूप में रह रहे है इस कानूने के द्वारा इन्हीं शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है ।

# नियमो का ताक पर रखकर नगर पालिका के का पले स में बिक रही शराब

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद की बुधवारी बाजार शंकर मढ़िया वाले का ले स की दुकानों में परिषद की शर्तो के विपरीत मादक पदार्थो का विक्रय और संग्रहण करने सहित अन्य प्रकार के नियम विरूद्ध व्यापारिक कार्य हो रहे है परंतु परिषद मूक दर्शक बनकर बैठी हुई है साथ ही आबकारी विभाग जिसे दुकान नीलामी के पूर्व दुकान संचालन के स्थान के संबंध में सारी जानकारी होना चाहिये वह भी इस ओर कोई ध्यान नहीं देता और अधिकारी नियम शर्तो के उल्लघंन करने वाले स्थल पर दुकान संचालन की अनुमति प्रदान कर अपनी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते है या फिर ईमान बेच कर ही ऐसा काम करते है ।

**पार्षदों के लिखे पत्र अभी तक रहे बेअसर**

सिवनी नगर पालिका परिषद के पार्षद राजेश राजू यादव, संजय भलावी, एवं रविशंकर भांगरे ने इस संबंध में मु य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र लिखकर बुधवारी का पले स में शराब दुकान संचालन, शराब के भंडारण एवं शराब दुकान से संबंधित अन्य गतिविधियों को परिषद के दुकान आवंटन की नियम शर्तो के विपरीत बताते हुये तत्काल शराब विक्रय, भंडारण एवं अन्य गतिविधियों को रोकने की मांग करते हुये दुकानों के आवंटन को रद्द करने की मांग की है और पत्र में स्पष्ट किया है कि इस का पले स की दुकान नंबर 8 जो शफी खान के नाम पर आवंटित है दुकान नंबर 09 जो धनेन्द्र कुमार जैन के नाम पर आवंटित है दुकान क्रमांक 10 जो परमानंदमल के नाम पर आवंटित है तथा दुकान क्रमांक 11 जो कैलाश अग्रवाल के नाम पर आवंटित है इन दुकानों में शराब की दुकान का संचालन, शराब का भंडारण और शराब दुकान से संबंधित अन्य गतिविधियाँ होती है जो नगर पालिका परिषद द्धारा आवँटन के पूर्व के किये गये अनुबंध के विपरीत है और अनुबंध में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आवंटित दुकानों में शराब, मदिरा, मांस मटन एवं जुँआ सट्टा जैसे समाज विरोधी कृत्य नहीं किये जायेंगे परंतु इन दुकानों में इस प्रकार की व्यापारिक गतिविधियाँ अनुबंध का खुला उल्लघंन है जिसे तत्काल रोकने की मांग की गयी है ।
हालांकि पार्षदों द्वारा लिखे पत्र के माध्यम से की गयी मांग का कितना असर होता है यह आने वाला समय ही बतायेगा परंतु अभी तक लिखे पत्र बेअसर ही साबित हुये है । यहाँ बता दें कि सिवनी नगर पालिका परिषद के इन्ही पार्षदों द्वारा सदर का ले स के संबंध में भी लिखा जा चुका है, जिस पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई । इस संबंध में मु य नगर पालिका अधिकारी से जब चर्चा की गयी तो उन्होंने दैनिक यशोन्नति का आश्वस्त कराया है कि कार्यवाही की प्रक्रिया में भले ही समय लगे परंतु कार्यवाही निश्चित रूप से होगी ।

सिवनी नगर पालिका परिषद के अधिकारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधि निर्धारित नियम और शर्तो के खुले उल्लघंन की ओर से आँख बंद किये हुये है और नगर पालिका की संपत्ति का दुरूपयोग किया जा रहा है । नगर पालिका परिषद अपने ही बनाये नियमो से बेखबर रहती है और याद दिलाये जाने पर भी उसके कान में जूँ नहीं रेंगती । नगर पालिका परिषद की सदर का पले स की दुकानों के नियम विरूद्ध आवंटन और आवंटन के बाद नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये दुकानों में कब्जा किये हुये बैठे कब्जाधारी मनमानी तोड़ फोड़ कर रहे है तथा नियमों के अनुसार अनुबंधों का नवीनीकरण और किराया जमा नहीं कर रहे है परंतु सिवनी नगर पालिका परिषद द्वारा इन दुकानदारों को केवल नोटिस जारी किये जा रहे है कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है । इस संबंध में सिवनी नगर पालिका परिषद के पार्षद राजेश राजू यादव सहित अन्य पार्षदों ने कार्यवाही की मांग के संबंध में पत्र भी लिखा है परंतु कार्यवाही के नाम पर केवल नोटिस ही जारी हुये है । लगभग एक सप्ताह पूर्व सिवनी नगर पालिका परिषद ने सदर का पले स की दुकानों में नियम विरूद्ध तरीके से कब्जा जमाये बैठे दुकानदरों को 24 घंटे की समय सीमा निर्धारित करते हुये नोटिस जारी किया था कि यदि उन्होंने निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जबाव नहीं दिया तो उन्हें कब्जे से बेदखल करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी परंतु एक सप्ताह होने को है आज तक कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गयी । जिससे नगर में चर्चा है कि सिवनी नगर पालिका परिषद के वे पार्षद जिन्होंने कार्यवाही की मांग की है और जि मेदार अमला अनैतिक दबाव और अवैध कब्जाधारियों के प्रभाव में आ गया है ।

## से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण स पन्न

सिवनी यशोः- आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर नियुक्त किए गए से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित निर्वाचन संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक अधिकारी को सौंपी गई निर्वाचन संबंधी जि मेदारी का अक्षरशः पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यो में से टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करना होता है, अतः उपस्थित प्रत्येक अधिकारी आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में से टर के कार्यो को समझे तथा अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर के माध्यम से कराएं।

उल्लेखनीय है कि आगामी निर्वाचन को लेकर मंगलवार 12 मार्च 2024 को दो चरणों में जिले के चारों लोकसभा क्षेत्रों के से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। जिसमें प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा से टर अधिकारियों को उनके कार्यो, दायित्वों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल द्वारा से टर अधिकारियों को से टर अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी सीईओ जिला पंचायत एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन श्री हिमांशु जैन, अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी तथा से टर के रूप में नियुक्त अधिकारी उपस्थित थे।

# वन्य जीवों के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाना आवश्यक - मु यमंत्री

**मु यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 25वीं बैठक**



भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसामान्य को वन्य जीवों के आचार-व्यवहार से परिचित कराने तथा वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधानों के बारे में जागरूकता पर केन्द्रित अभियान चलाना आवश्यक है। घड़ियाल अभयारण्य के संबंध में जनसामान्य में रूचि उत्पन्न करने के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएं। निजी इकाइयों तथा व्यक्तिगत स्तर पर जनसामान्य द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के संबंध में व्यवस्था विकसित करने पर भी विचार-विमर्श होना चाहिए। सर्पदंश से लोगों को बचाने के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर साँप पकड़ने वालों के संबंध में जानकारी हो तथा पकड़े गए साँपों का संरक्षण भी व्यवस्थित तरीके सेकिया जाए। होमगार्ड के जवानों को साँप पकड़ने का प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीता पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत चीतों की सं या बढ़ने पर बधाई दी। मु यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 25वीं बैठक को मंत्रालय में संबोधित कर रहे थे। बैठक में वन मंत्री नागर सिंह चौहान, मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मु य सचिव वन श्री जे.एन. कंसोटिया सहित वन विभाग के प्रमुख अधिकारी, राज्य वन्यप्राणी बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में नरसिंहगढ़ अभयारण्य, पन्ना टाइगर रिजर्व, सतपुड़ा-मेलघाट टाइगर रिजर्व, वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, बगदरा अभयारण्य, संजय टाइगर रिजर्व, सोन घड़िया अभयारण्य, कान्हा टाइगर रिजर्व, गांधी सागर अभयारण्य के क्षेत्रों में होने वाले विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए वन्य प्राणी संबंधित अनुमतियों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में गिद्धों की सं या में वृद्धि हुई। इस वर्ष के प्रारंभिक ग्रीष्म कालीन आंकलन अनुसार गिद्धों की सं या 10 हजार 845 हो गई है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के चीता पुनर्वास प्रोजे ट में चीतों कुल सं या 26 हो गई है, जिनमें 13 व्यस्क तथा 13 शावक हैं। गांधी सागर अभयारण्य चीता पुर्नस्थापन के लिए तैयार है और सतपुड़ा से 50 गौर बांधवगढ़ ले जाने की योजना है।

# 12 मार्च 1993 मु बई सीरियल ब्लास्ट की दर्दनाक यादें

## भविष्य की सुरक्षा के लिये षडयंत्रो से सीख लेना आवश्यक

**रमेश शर्मा.**

भारतीय इतिहास में दर्द, शोषण और नर संहार की जितनी घटनायें दर्ज हैं उतनी दुनियाँ के किसी भी देश के इतिहास में नहीं । आठवीं शताब्दी से आरंभ हुआ यह आतंक स्वतंत्रता के बाद भी न थम सका। लगभग दो सौ साल की अवधि में भारत से टूटकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान, वर्मा श्रीलंका आदि छै देश बनें फिर भी भारत को शाँति न मिली। शायद ही कोई दिन ऐसा हो जिस दिन भारत में कोई आतंकी घटना न घटी हो आतंकवादी, ने सल वादी, उग्रवादी, अलगाव वादी, माओवादी आदि न जाने कितने संगठन भारत में हिंसा और आतंक फैला रहे हैं और इन सबका उद्देश्य भारत में भारत्व को समाप्त करना है। इनके पीछे कौन से तत्व सक्रिय हैं यह भी किसी से छिपा नहीं है किंतु विचारणीय यह है कि इतने विभाजनों के बाद भी ` या शेष भारत का जीवन निर्भय हो गया ? आतंक की इस लंबी श्रृंखला में एक स्मृति है 12 मार्च 1993 की। इस दिन मु बई में सीरियल ब्लास्ट हुये थे।




वह शुक्रवार का दिन था, उस दिन एक के बाद एक कुल 12 ब्लास्ट हुये थे। इन में कुल 257 लोगों की जान गयी और 713 लोग घायल हुए। यह सभी ब्लास्ट कुल एक सौ तीस मिनट के भीतर हुए थे। इन बारह धमाकों से पूरी दुनियाँ सकते में थी। भारत तो भय और शोक में डुब गया था। इन धमाकों की कठोर स्मृतियाँ आज भी उन स्मृतियों मे सजीव हैं जिन्होंने अपनी आँखो से वह विध्वंस देखा, तड़पते हुये लोग, बिखरे हुये क्षत शिक्षित शरीर अंगों को बिखरे हुये देखा था। उस दिन पहला ब्लास्ट दोपहर लगभग डेढ़ बजे स्टॉक ऐ सचेंज इमारत के बेसमेंट में हुआ था। यह बिल्डिंग आठ मंजिला थी। बेसमेन्ट में धमाका करने का मतलब पूरी बिल्डिंग को धराशायी कर देना था ताकि जान और माल दोनों को नुकसान पहुंचे ।

इस पहले ब्लास्ट में पचास लोग मारे गए। इस धमाके का समाचार ठीक से फैला भी न था, प्रशासन संभल भी न पाया था कि इसके ठीक आधा घंटे बाद दूसरा धमाका हुआ। यह नरसी नाथ स्ट्रीट पर एक कार में ब्लास्ट हुआ इसके बाद तो धमाकों का सिलसिला चल ही पड़। लगभग दो घंटे के काल-खंड में कुल बारह धमाके हो गये, जिन क्षेत्रों में ये ब्लास्ट हुये उनमें शिव सेना भवन, एयर इंडिया भवन, रॉक होटल, प्लाजा सिनेमाघर, जुहू सेंटूर होटल, हवाई अड्डा और एयर इंडिया का कार्यालय था। यह दुनियां भर में हुये अब तक धमाकों में सबसे अलग और सबसे बड़ा धमाका था जिसमें मृतकों और घायलों के अतिरिक्त कुल एक सौ सत्ताइस करोड़ की संपत्ति को नुकसान पहुँचा। इसमें लगभग तीस करोड़ की संपत्ति तो वह थी जो सीधे सीधे ब्लास्ट में नष्ट हुई। शेष वह संपत्ति थी जो इनके पुनर्निर्माण या इन धमाकों से परोक्ष रूप से क्षतिग्रस्त हुई थी।

बाद की जाँच में लगभग पाँच सौ लोगों के नाम सामने आये, इनमें से लगभग दो सौ लोग लिप्त पाये गये। जिन लोगों को धमाकों में लिप्त पाया गया उनमें एक परिवार के तो चार लोग याकूब मेमन, यूसुफ मेमन, ईसा मेमन और रुबिना मेमन शामिल थे। याकूब मेमन को 30 जुलाई 2015 को महाराष्ट्र के यरवडा जेल में फांसी दी गई। इन धमाकों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम को आज तक गिर तार नहीं किया जा सका। माना जाता है कि वह पाकिस्तान में रह रहा है, उसके पाकिस्तान में होने के सुबूत भी यदा कदा सामने आते रहें हैं। भारत सरकार भी लिखा पढ़ी करती रही पर पाकिस्तान की सरकार ने कभी स्वीकार नहीं किया। यह भारतीय समाज की उदारता और भारतीय संविधान की विशेषता है कि दाऊद इब्राहीम के परिजन आज भी भारत में रह रहें हैं, उनके भी विभिन्न आपराधिक गतिविधियों जुड़े रहने की खबरें आतीं रहीं हैं। यह चर्चा भी समय समय पर आई कि ये परिजन समय समय पर दाउद इब्राहिम से मिलने पाकिस्तान जाते रहे हैं पर न तो इस बात का अधिकृत रूप से समर्थन हुआ और न खंडन। समय के साथ इस काँड की जाँच आरंभ हुई और 4 नव बर 1993 को 189 लोगों के विरुद्ध चार्जशीट दर्ज की गई जो लगभग दस हजार पृष्ठों की थी। अप्रैल 1995 को मु बई की टाडा अदालत में सुनवाई आरंभ हुई आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय होने में दो माह लगे। घटना के लगभग तेरह साल बाद सित बर 2006 में फैसला आया। अदालत ने कुल 90 आरोपियों को दोषी पाया, इनमें 12 को निचली अदालत ने मौत की सजा, 20 को उम्रकैद और 68 लोगों को अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई जबकि अन्य को साक्ष्य के अभाव में छोड़ दिया। इन सीलियल ब्लास्ट का एक और प्रमुख आरोपी अबू सलेम को उसकी प्रेमिका मोनिका बेदी के साथ 18 सितंबर 2002 को इंटरपोल ने लिस्बन, पुर्तगाल में गिर तार किया। फरवरी 2004 को उसे भारत लाया गया। सलेम की भूमिका के लिए मार्च 2006 को विशेष टाडा अदालत ने उसके और उसके सहयोगी रियाज सिद्दीकी के खिलाफ आठ आरोप दायर किए थे। अबू सलेम को उच्च सुरक्षा के बीच मुंबई की आर्थर रोड जेल में रखा गया। विशेष टाडा अदालत ने 16 जून 2017 को अबू सलेम, मुस्तफा दोसा, फिरोज अब्दुल राशिद खान, ताहिर मर्चेंट और करीमुल्ला खान को धमाकों के षडयंत्र का दोषी माना वहीं अब्दुल कय्यूम को सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

ऐसा माना जाता है कि दिसंबर 1992 में विवादित बाबरी ढांचे विध्वंस से नाराजी के चलते सीरियल ब्लास्ट के इस षडयंत्र को रचा गया। इसको लेकर मुंबई में बड़े पैमाने पर दंगे भी हुये थे, इसके बाद दाऊद इब्राहिम, टाइगर मेनन, मोह मद दोसा और मुस्तफा दोसा ने मुंबई में इस सीरियल ब्लास्ट का षडयंत्र रचा। आज इस दुर्दांत आतंकी घटना को उन्तीस वर्ष बीत गये हैं। मु बई अपनी र तार से आगे दौड़ रही है पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के दिल पर लगे घाव अमिट हैं जो पूरे देश और समाज को भविष्य की सावधानियां का संदेश दे रहे हैं।

# जहां नारी शक्ति का स मान होता वहां देवताओं का निवास होता है: मंत्री राजपूत

## एक हजार से अधिक महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**स्व-सहायता समूहों के लिए 11 करोड़ रुपये स्वीकृत**

भोपाल । जहां नारी शक्ति का स मान होता, वहां देवता का निवास होता है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड जैसीनगर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड विकास) स्वसहायता समूहों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में कही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर सिद्धत्व फाउण्डेशन नागर के द्वारा महिलाओं को उनके स्वस्थ्य परीक्षण एवं स्वरोजगार के प्रति जागरुकता के लिये प्रशिक्षण एवं एडुजी लाईफ जीवन प्रबंधन की पाठशाला भोपाल के द्वारा महिलाओं के लिए विधिक साक्षरता व्या यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्व सहायता समूह की



1000 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे के मार्गदर्शन में कराया गया एवं परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया।

खाद नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हम सबको नारी शक्ति का स मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार महिलाओं के उत्थान एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रही है। इसी प्रयास के परिप्रेक्ष्य में स्व-सहायता समूह को 11 करोड़ रुपए उन्हें व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मंत्री राजपूत ने कहा कि जब हमारे घर परिवार की महिलाएं सशक्त होंगी तो पूरा परिवार एवं समाज सशक्त होगा और देश आगे बढ़ेगा। महिलाओं के सशक्तिकरण से पीढ़ियां सुधर जाती हैं। मंत्री राजपूत ने कहा कि शीघ्र ही महिलाओं की आंखों की निःशुल्क जांच एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। साथ में निःशुल्क चश्मा का वितरण भी होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में नारी शक्ति के स मान में मध्यप्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिला पंचायत सागर के मु य कार्यपालन अधिकारी पी.सी. शर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं-बहनें मौजूद थीं।

# पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी एक करोड़ घरों को मु त बिजली

## तीन किलोवॉट के सौर संयन्त्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

भोपाल। केंद्र सरकार द्वारा देश के एक करोड़ घरों को मु त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने देना शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे ऊपर के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। यह सब्सिडी पहले से ज्यादा है। इसके लिए देशभर के एक करोड़ उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुर , ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने जा रही है। इस नई योजना में अब एक किलोवॉट पर 30 हजार, दो किलोवॉट पर 60 हजार एवं तीन या उससे अधिक के सोलर प्लांट पर 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी मिलेगी।

गौरतलब है कि दिस बर-2023 की स्थिति में केन्द्र सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 14 हजार 588 रूपए की सब्सिडी दी जा रही थी जो कि जनवरी-24 में बढ़ाकर 18 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दी गई थी। जिसे अब और बढ़ाकर दो किलोवॉट तक 30 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दी गई है। इस तरह दिसंबर की तुलना में दिनांक 13 फरवरी 2024 के बाद लगने वाले दो किलोवॉट तक के सौर्य संयन्त्र पर मिलने वाली सब्सिडी 36 हजार रुपए के स्थान पर अब उपभोक्ता को 60 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। पीएम सूर्य घर योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को मु त बिजली की सुलभता के साथ आर्थिक बचत करवाना शामिल है। मिलने वाली सरकारी सब्सिडी का लाभ देकर लोगों को प्रोत्साहित करना है। पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ने पर पर्यावरण के हितों की रक्षा हो सकेगी। योजना में अधिक से अधिक लोग जुड़कर लाभ ले सकते हैं।

## मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस आवास योजना के 144 आवास गृहों का किया लोकार्पण

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस आवास योजना के अंतर्गत जहांगीराबाद स्थित पुलिस अधिकारी आवासीय परिसर में शिलापट्टिका का अनावरण कर 144 आवास गृहों का लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर का अवलोकन किया तथा पुलिस परिवार के सदस्यों से संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सुरक्षा मैं तैनात पुलिसकर्मियों के लिए मु यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हजार मकान बनाने का लक्ष्य है। जिसमें 11 हजार 500 मकान बनना आरंभ हो गए हैं ।

## एमपी को मिली चौथी वंदे भारत ट्रेन,

भोपाल। मध्य प्रदेश में हजरत निजामुद्दीन से खजराहो के बीच चौथी वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने देश में 10 नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भोपाल मु य रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकसित भारत विकसित मध्य प्रदेश के ध्येय वो य के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। देश के विकास के लिए रेलवे का विकास महत्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। देश के मध्य में स्थित हमारा मध्यप्रदेश, रेलवे अधोसरंचना विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है। - भोपाल के बैरागढ़ में वंदे भारत ट्रेन के मेंटनेंस के लिए कोचिंग का प्ले स का निर्माण किया जाएगा।

# सिंहस्थ के मद्देनजर उज्जैन में नया शासकीय मेडिकल कॉलेज बनेगा

**समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ पर 125 रूपये प्रति क्विंटल मिलेगा बोनस**
**धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का विभागाध्यक्ष कार्यालय अब उज्जैन में होगा**
**समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन के लिये 29,400 करोड़ रूपये की शासकीय गारंटी**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सिंहस्थ के दृष्टिगत उज्जैन में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु केवल सिविल कार्यो के लिये 592.30 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रि-परिषद ने किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिये रबी विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ पर 125 रूपये प्रति क्विंटल बोनस भुगतान की भी स्वीकृति प्रदान की। इस पर 3850 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आएगा। विभागाध्यक्ष कार्यालय संचालक, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व एवं संचालक, मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सतपुड़ा भवन को वर्तमान में पदस्थ अमले सहित उज्जैन स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में समर्थन मूल्य विकेन्द्रीकृत योजना के अंतर्गत खाद्यान्न के उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली व अन्य शासकीय योजनाओं के संचालन एवं डेफिसिट पूर्ति के लिये आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 (एक वर्ष) तक की अवधि के लिये 29 हजार 400 करोड़ रूपये की निशुल्क शासकीय प्रत्याभूति (गारंटी) की स्वीकृति प्रदान की।

मंत्रि-परिषद की बैठक में उज्जैन में सिंहस्थ 2028 आयोजन के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिये सिविल कार्यों के लिये 592.30 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। इसके लिये आवश्यक उपकरणों एवं मानव संसाधनों की स्वीकृति बाद में दी जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण से आस-पास के जिलों की जनता को भी उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश के लोकायुक्त के पद पर न्यायमूर्ति श्री सतेन्द्र कुमार सिंह की नियुक्ति का अनुसमर्थन किया। सायबर तहसील की क्षेत्रीय आधिकारिता प्रदेश के सभी जिलों में विस्तारित करने का अनुसमर्थन करते हुए स्वीकृति दी गई। एनडीबी योजना में भोपाल के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर मार्ग (कोलार मार्ग 15.1 किमी) के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के लिये 305.08 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

**उर्वरक अग्रिम भंडारण योजना स्वीकृत**

राज्य में यूरिया, डीएपी, कॉ प्ले स एवं पोटाश उर्वरकों की वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक की अग्रिम भंडारण योजना स्वीकृत की गई। इससे प्रदेश के किसानो को रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को इसके लिये नोडल एजेंसी बनाया गया है। वर्ष 2024-25 में मार्कफेड को 850 करोड़ रूपये की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति स्वीकृत की गई।

**चार नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों के लिये 1200 करोड़ रूपये स्वीकृत**

मंत्रि-परिषद ने नीमच, मंदसौर, श्योपुर एवं सिंगरौली के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन एवं उपकरण क्रय के लिये 1167.95 करोड़ रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। नीमच के लिये 287.45 करोड़ श्योपुर के लिये 288.5 करोड़, सिंगरौली के लिये 289.74 करोड़ एवं मंदसौर के लिये 302.26 करोड़ रूपये की स्वीकृती दी गई है।

**केन्द्र प्रवर्तित योजना में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी बनेंगे**

केन्द्र प्रवर्तित योजना में मेडिकल कॉलेजों के साथ नये नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिये मंत्रि-परिषद ने 192.40 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के 13 जिलों दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, सतना, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, श्योपुर एवं सिंगरौली में नर्सिंग कॉलेज बनेंगे। प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के लिये 14.80 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। इससे इन जिलों एवं आस-पास के सभी नागरिको को चिकित्सा सुविधा का लाभ एवं छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक नर्सिंग संवर्ग की शिक्षा मिल सकेगी।

**सभी जिला चिकित्सालयों में निःशुल्क शव वाहन संचालन की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में निःशुल्क शव वाहन संचालन की स्वीकृति प्रदान की है। शासकीय अस्पतालों में उपचार के दौरान संस्थागत मृत्यु, सड़क दुर्घटना/आपदा में मृत्यु पर मृतक की पार्थिव देह को सस मान निःशुल्क शव वाहन से गंतव्य स्थल तक पहुँचाया जायेगा। शव वाहन संचालन का दायित्व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास होगा। अभी यह दायित्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पास है।

**पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा योजना**

बैठक में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके संचालन एवं क्रियान्वयन का दायित्व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास रहेगा। यह सेवा प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या विशेष प्रकार के चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता होने पर उपलब्ध रहेगी। इसमें कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुँचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की स्थिति को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयरलि ट किया जाएगा।

**डीप टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी केंपस उज्जैन के लिये 233 करोड़ की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद ने आईआईटी इंदौर द्वारा डीप टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी केंपस उज्जैन में स्थापित करने के लिये स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिये 237 करोड़ रूपये के अनावर्ती व्यय के वित्तीय प्रावधान की भी स्वीकृति दी गई। आईआईटी इंदौर राज्य के अन्य शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के उन्नयन में भी सहयोग करेगा।

**पीएम जन-मन मिशन में बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के घर बिजली से होंगे रौशन**

मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) मिशन में प्रदेश के बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के अविद्युतिकृत घरों तक बिजली पहुँचाने की कार्ययोजना भी स्वीकृत की है। एक लाख रूपये प्रति परिवार से अधिक की लागत आने पर बसाहटों में एक किलोवाट क्षमता के ऑफ ग्रिड प्रणाली (सोलर+बेटरी) से विद्युतिकरण किया जाएगा। प्रथम चरण में 17 जिले ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, भिंड, रायसेन, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, मंडला, नरसिंहपुर, शहडोल और सीधी शामिल किये गये हैं। इन जिलों में 8892 अविद्युतिकृत विशेषतः असुरक्षित जनजातीय समूह (पीवीटीजी) हाउसहोल्डस् में बिजली पहुँचाने के लिये 42 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। साथ ही 2060 अविद्युतिकृत पीवीटीजी हाउसहोल्डस् को ऑफ ग्रिड प्रणाली से बिजली उपलब्ध कराने के लिये 23 करोड़ रूपये की कार्ययोजना स्वीकृत की गई है।

# खेत पर काम कर रहे युवक पर गिरा बिजली का तार, करंट से मौत

**करीब आधे घंटे तक आक्रोशित लोग सड़क पर डटे रहे।**

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की पलारी पुलिस चौकी अंतर्गत खैरापलारी निवासी एक युवक की सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से मृतक के स्वजनों, क्षेत्र के किसानों व रहवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए। साथ ही आक्रोश में आकर पलारी बस स्टैंड में जाम लगा दिया।

उन्होंने इस मामले में दोषी अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध स त कार्रवाई किए जाने की भी मांग की। करीब आधे घंटे तक आक्रोशित लोग सड़क पर डटे रहे। पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी। इसके बाद ग्रामीण, किसान शांत हुए।

पुलिस ने बताया कि खैरापलारी निवासी शिवम पुत्र राजकुमार ठाकुर (24) सोमवार को सुबह रेस्ट हाउस के पीछे स्थित अपने खेत में कृषि कार्य के लिए गया था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरी बिजली लाइन का तार टूट कर शिवम ठाकुर के ऊपर जा गिरा। इससे जोरदार करंट लगने के कारण शिवम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

युवक की दर्दनाक मौत से क्षेत्र के किसान अत्यधिक आक्रोशित हो गए व विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी की इस लापरवाही के चलते सभी किसान पलारी बस स्टैंड में एकत्रित हो गए और कार्रवाई को लेकर मांग की। बड़ी सं या में किसान के एकत्रित हो जाने से यहां काफी देर तक बसों का आना-जाना बंद रहा। मार्गों पर जाम लगने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

घटना के बाद ग्रामीणों का कहना था कि खेत के ऊपर से गुजरी बिजली लाइन को हटाए जाने व कभी भी इस प्रकार की कोई घटना घट जाए इसकी सूचना भी पूर्व में बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को लिखित में भी दी गई थी। इसके बावजूद भी किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण ही सोमवार को बिजली का तार टूट कर गिरा और युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

# अनुपयोगी स्थल पर हो रहे पुलिया निर्माण की ग्रामीणों ने की शिकायत स्थल चयन और गुणवत्ता हीन निर्माण को लेकर उठ रहे सवाल



छपारा यशोः- जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बबैया और लखनादौन जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेहरा पिपरिया के सरहद पर 15 लाख की लागत से बन रही अनुपयोगी पुलिया को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला कले टर सहित जिला पंचायत सीईओ को शिकायत दी है।

बताया जाता है कि विगत दिनों दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र में शिकायत किया है कि उक्त पुलिया जिसकी लागत 15 लाख के आसपास है वह गलत स्थल एवं घाटिया तरीके से हो रहे निर्माण की जांच कराई जाएं जिससे शासकीय राशी का दुरु उपयोग होने से बचाया जा सके।

वही आगे अपनी शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बबैया जो की जनपद पंचायत छपारा और ग्राम पंचायत मेहरा पिपरिया जनपद पंचायत लखनादौन की बॉर्डर लाइन पर जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहरा पिपरिया के ग्राम बिछुआ में केवलासुर नाला पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 15 लाख रुपए की लागत से पुलिया का निर्माण किया जा रहा है उक्त पुलिया का निर्माण संबंधित पंचायत की जगह किसी स्थानीय ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, उक्त पुलिया के निर्माण में ठेकेदार की मनमानी से अनु उपयोगी स्थल का चयन किया गया जहां नाला का पानी बहाव अधिक रहता है वहां पुलिया ना बनाकर 40 फीट दूर समतल भूमि पर गड्ढा खोदकर पुलिया बनाई जा रही है, जिस ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जहां पुलिया की आवश्यकता हैं वहां निर्माण ना कर कही और बनाया जा रहा है जहा पर नाले की गहराई अधिक है वहा पुलिया उपयोगी रहती किंतु ठेकेदार को उक्त स्थल पर बचत कम होती इसी वजह से ठेकेदार ने पुलिया निर्माण का स्थल ही बदल दिया। ग्राम वासियों के द्वारा कई बार कहां गया तो ठेकेदार कहता है कि यह तु हारी पंचायत का निर्माण नहीं इसलिए तुम कुछ नहीं कर सकते उक्त पुलिया का निस्तार व उपयोग हम बबैया ग्राम वासियों के द्वारा ही किया जाना है ऐसे में शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है

ग्रामीणों ने बताया है कि पुलिया निर्माण में पत्थर बोल्डर और डस्ट का जमकर प्रयोग कर निर्माण किया जा रहा है एक तरह से निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता नही हैं। वही उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृती को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे।

वही ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत मेहरा पिपरिया के गांव बिछुआ जो जनपद पंचायत लखनादौन के अंतिम बॉर्डर क्षेत्र में है वहां ना तो उपयंत्री के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया ना एसडीओ ने स्थल देखा

जिस वजह से ठेकेदार अपनी मर्जी से निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है वही जानकारों का कहना है कि उक्त पुलिया महज 5 से 6 लाख रुपए में कंप्लीट हो रही है किंतु उसकी स्वीकृति राशि 15 लाख रुपए है इस तरह तकनीकी अधिकारी, ठेकेदार और ग्राम पंचायत मेहरा पिपरिया के सरपंच, सचिव की मिली भगत से मनरेगा योजना की राशि में खुला भ्रष्टचार किया जा रहा है उक्त पुलिया की जांच जिला स्तर की टीम से करवा कर दोषी एजेंसी व तकनीकी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की ग्रामीणों ने अपेक्षा की है ।

# लेखा प्रशिक्षण 01 अप्रैल से 15 जून तक

सिवनी यशोः- प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा बताया गया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 01 अप्रैल 2024 से से प्रारंभ किया जायेगा। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म. प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिया है ऐसे कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन 21 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में जमा किये जावेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म. प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2,000/- का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपसेवा केन्द्र कांहीवाड़ा में शिवरात्रि एवं महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

सिवनी यशोः- 10 मार्च 2024 को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा शिवरात्रि एवं महिला दिवस का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें उप सेवाकेंद्र संचालिका बी. के. मोनिका दीदी जी के द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में विस्तार से समझाया गया एवं बी. के. संगीता दीदी जी के द्वारा शिवरात्रि का रहस्य बताया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में अतिथि डॉ विजयलक्ष्मी रहंगढाले, अंकिता जैन सब इंस्पे टर, प्रशांत रहंगढाले डाले शिक्षक, भाजपा महिला जिला उपाध्यक्ष संगीता प्रजापति, जनपद सदस्य इंद्र कुमार जांघिला जी, शिवनाथ ठाकुर जी, शिक्षिका सुशीला प्रजापति एवं किशोरी चंद्रवंशी जी ने उपस्थित होकर सभी महिलाओं एवं भाई बहनों का उत्साह वर्धन किया । साथ ही सभी अतिथियों के द्वारा शिव धवज् रोहन किया गया।।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया



सिवनी यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति शिखर भैरोगंज सिवनी में कल रविवार 10 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से महाशिवरात्रि एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उमंग उत्साह के साथ आयोजन किया गया। जिसमें करीब 500 भाई बहनों ने शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ उठाया। शिवअवतरण से महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की आयोजिका ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने अपने दिल के उद्गार व्यक्त करते हुए कहां की आज महिलाएं आर्थिक और बौद्धिक रूप से काफी सशक्त हो चुकी हैं, लेकिन ऐसी महिलाओं को भी डिप्रेशन में जाते और सुसाइड करते देखा जा रहा है , तो आखिर कौन सा हमारा पहलू बाकी है जिसमें सशक्त होना जरूरी है? वह है- मां का सशक्त होना। सब कुछ है लेकिन कहां जाता है *मन जीते जगत जीत* मन के हारे हार । आवश्यकता है अपने मन को सशक्त बनाने की । पौष्टिक भोजन शरीर को शक्तिशाली बनाता है, इसी प्रकार शक्तिशाली पॉजिटिव विचार हमारे मन को शक्तिशाली बनाते हैं। और होता यही है जब परिस्थितियों आती है तब हम मन से पहले हार जाते हैं, फिर नकारात्मक विचार आने लग जाते हैं और इस तरह से हम अपने जीवन को ही समाप्त करने की सोचते हैं। अतः मानसिक रूप से सशक्त करना यह ब्रह्माकुमारी संस्थान में सिखाया जाता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की शुरुआत के समय माताओं बहनों की यह दशा थी कि इतना लंबा घूंघट वह निकाला करती थी कि बाहर का नजारा मुश्किल से देख पाती थी, ऐसे समय में परमात्मा ने महिलाओं की एक रूहानी सेना तैयार की और मनोविकारों पर विजय प्राप्त कराया ।उन्हें शक्तिशाली बनाकर आज सारे विश्व को परिवर्तन करने के निमित्त बनाया। कार्यक्रम की मु य अतिथि डॉ टर मृणालिनी जठार (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं विशिष्ट अतिथि बहन रश्मि राय (प्राचार्य एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल )आप दोनों ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रेरणादाई बातें सभी के समक्ष रखी। साथ ही विशिष्ट अतिथि निलेश जैन जी (जिला पंचायत अकाउंट ऑफिसर) आपने कहा कि जहां नारी का स मान होता है वहां पर देवताओं का वास होता है , इसीलिए हमें माताओं बहनों का स मान करना चाहिए ,इसमें ही हमारी बरकत है । साथ ही साथ विशेष अतिथि डॉ टर विपिन साहू फिजियोथैरेपिस्ट आपने कहा महिलाएं काम से लोटने के बाद फिर से काम में लौटती है, शायद यह पुरुष नहीं कर सकता, इसीलिए हमें महिलाओं का स मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में बालिकाओं के द्वारा स्वागत नृत्य एवं महाशिवरात्रि पर्व और महिला दिवस से संबंधित नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया । सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शिव ध्वज लहराया गया। एवं अपने मन के विकार रूपी अक धतूरे को भगवान शिव पर अर्पण कर भगवान को प्रसन्न करने की प्रतिज्ञा की गई।

# सिवनी कोतवाली का एक ओर खुलासा चारपहिया वाहनो को पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले अज्ञात आरोपियो को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

सिवनी यशोः- 02 एवं 03 मार्च 2024 की दर यानी रात अज्ञात लोगो ने आटोडील का व्यवसाय करने वाले अनिल अग्रवाल की आटोडील दुकान तालाब पार दलसागर रोड पर खड़े चार पहिया वाहन जिसमे पिकप नंबर एमपी 20 जीए 2761, अशोक लीलेण्ड दोस्त नंबर एमपी 52 जीए 0498 एवं छोटा हाथी टाटा एस नंबर एमपी 20 जीए 9409 पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी आटोडील संचालक अनिल अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध धारा 427, 436 ताहि का अपराध कारित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त घटना के संबंध मे प्रार्थी को आरोपियो के नाम पतो की जानकारी नही थी ना ही आवेदक ने संदेह के रूप मे किसी का नाम बताया था ना ही घटना के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी होना बताया जिससे पुलिस के लिये चुनौती भरे इस घटना क्रम को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश कुमार सिंह के द्वारा अज्ञात आरोपियो के हरसंभव प्रयास कर तत्काल पकडने हेतु आदेश दिये गये तत्काल अति.पु.अधीक्षक सिवनी श्री गुरूदत्त शर्मा एवं एसडीओपी श्री पुरूषोत्तम मरावी के निर्देशन मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी द्वारा अपनी कोतवाली टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानो में लगे सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर एक व्यक्ति को चिहिन्त कर हिकमातमली से पूछताछ करनेपर अन्य दो सहयोगी की जानकारी देने पर उन्हे भी लगातार पतारसी कर पकडा गया इस प्रकार विवेचना के दौरान आये साक्ष्यो के आधार पर घटना कारित करने वाले आरोपियो को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

**जप्त संपत्ति** – घटना मे प्रयुक्त वाहन स्कूटी मॅस्ट्रो क्र एमपी 22 एस 4998 कीमति 40000/-।

**गिरफ्तार आरोपी** – शंशाक मिश्रा पिता जगदीश प्रसाद मिश्रा उम्र 28 साल निवासी बबरिया रोड सिवनी, सौरभ उर्फ बिट्टू पिता यज्ञनारायण दीक्षित उम्र 29 साल निवासी जिंदल हास्पीटल के नीचे सिवनी, शाहरूख खान पिता भूरू खान उम्र 18 साल निवासी गायत्री मंदिर के पास सिवनी।

**विशेष भूमिका**– निरी सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली, सउनि संजय यादव, सउनि संतोष - बेन, प्रआर 90 सुंदरश्याम तिवारी, प्रआर 339 मुकेश विश्वकर्मा मआर नीतू धुर्वे, आर 595 गौरीशंकर राणा, आर 247 इरफान खान की भूमिका सराहनीय रही ।

# बीरहो स कॉलोनी लुघरवाड़ा में मनाया गया महिला दिवस 121 वर्षीय माई के नाम से जाने वाली शांति देवी पांडे का किया स मान



सिवनी यशोः- 10 मार्च को वीरहो स महिला समिति द्वारा महिला दिवस मनाया गया जिसमे कॉलोनी की समिति द्वारा कॉलोनी की वरिष्ठ महिलाओं श्री मति लीला सिहोसे श्रीमती शांति मरावी शाल श्रीफल से किया गया स मान साथ ही महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमे कॉलोनी की सभी महिलाओं का सहयोग रहा इस अवसर पर जिले में माई के नाम से जानी जाने वाली121वर्षीय श्रीमति शांति पांडे जो ऐ सौ लेंस सिवनी में कार्यरत श्री पी पी पांडे जी की माता जी है का शाल श्री फल भेट करके स मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनामिका बघेल द्वारा किया गया ।शिल्पा साहू एवम श्रीमती अंसारी का विषेश सहयोग रहा ।कॉलोनी की सभी महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में पूर्ण भागीदारी दी।

# जिला ब्राह्मण समाज के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न

**चैत्र नवरात्रि के आयोजन को लेकर बैठक रखी गई– माता राज राजेश्वरी मंदिर में रखे जाएंगे मनोकामना कलश**



सिवनी यशोः- जिला ब्राह्मण समाज सिवनी संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया विगत माह संपन्न हुई। जिसमें सर्व सहमति से श्री दिलीप तिवारी को ब्राह्मण समाज का जिला अध्यक्ष चुना गया। इसी कड़ी में श्री दिलीप तिवारी द्वारा समाज के अनुषांगिक संगठनों के जिला एवं नगर, अध्यक्ष व संयोजको की घोषणा 22 फरवरी को की गई थी।

संगठन पुनर्गठन की इस कड़ी में आज जिला ब्राह्मण समाज के अनुषांगिक संगठनों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम श्री दिलीप तिवारी जी की अध्यक्षता व श्री ओम प्रकाश तिवारी जी के मु य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों क्रमशः अशोक पांडे (से टर अध्यक्ष, बंडोल), श्रीमति अरविंदजा दुबे (जिला अध्यक्ष महिला शाखा), श्रीमति सकुंतला तिवारी (जिला संयोजक महिला शाखा), श्रीमति नीतू दुबे (नगर संयोजक महिला शाखा), विकास तिवारी (जिला अध्यक्ष कर्मकांडी पुजारी संघ), अखिलेश पांडे (जिला अध्यक्ष युवा शाखा), अवधेश पिंकी त्रिवेदी (जिला संयोजक युवा शाखा), सूर्यकांत चतुर्वेदी (जिला अध्यक्ष परशुराम वाहिनी), शिव कुमार तिवारी (अध्यक्ष मंदिर समिति), श्रीमति गीता अवस्थी (अध्यक्ष मंदिर समिति ÷महिला शाखा÷) को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों व पद की गरिमा को बनाये रखते हुए समाज के उत्थान में सहयोग प्रदान करने की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के पश्चात मु य अतिथि के रूप में उपस्थित ओम प्रकाश तिवारी जी ने ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला अध्यक्षो के सफल कार्यकाल के संस्मरणों को व्यक्त करते हुए, सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व शुभाशीष देते हुए ब्राह्मण समाज के हित में कार्य करते हुए, समाज को उन्नति के शिखर पर ले जाने की अपेक्षा जतायी।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत तिवारी द्वारा किया गया। श्रीमति गीता अवस्थी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विप्र बन्धुओं के प्रति जिला संगठन व नव नियुक्त पदाधिकारियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

तदुपरांत द्वितीय सत्र में ब्राह्मण समाज के समस्त पदाधिकारियों व विप्र बन्धुओं की गरिमामय उपस्थिति में आगामी चैत्र नवरात्र पर्व के आयोजन को लेकर महत्तवपूर्ण बैठक रखी गई। जिसमें पंडित विकास सोनू तिवारी को नवरात्र कार्यक्रम आयोजन प्रभारी व श्रीमति गीता अवस्थी, श्रीमति नीतू दुबे व श्री सूर्यकांत चतुर्वेदी को कलश स्थापना प्रभारी बनाया गया। कलश स्थापना सहयोग राशि 1100 ? निर्धारित किया गया।

कार्यक्रम के समापन में, विगत माह दिवंगत हुये, समाज के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय प्रमोद शर्मा (दैनिक दल सागर) एवं स्वर्गीय अशोक पाठक के प्रति मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# प्रलोभन, दबाव और धमकी से मुक्त लोकसभा चुनाव संपन्न कराएं – मु य निर्वाचन आयुक्त

## मु य निर्वाचन आयुक्त ने प्रेक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक




भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग के मु य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन भी उपस्थित रहे।

इस दौरान मु य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग श्री राजीव कुमार ने कहा कि प्रलोभन, दबाव और धमकी से मुक्त लोकसभा चुनाव संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि आयोग के प्रतिनिधियों के रूप में पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे खुद को पेशेवर रूप से संचालित करें और उ मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ हों। पर्यवेक्षकों को मैदान पर सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों का दौरा करें और संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लें। आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी परिपत्रों को फिर से तैयार किया गया है जो ईसीआई की वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है।

मु य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया मीडिया, प्रिंट एवं इले ट्रॉनिक मीडिया में चलने वाली भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करें। वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। जिला स्तर पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करें। ब्रीफिंग के दौरान मु य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान उन्हें आवंटित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं के भीतर सतत गहन निरीक्षण के निर्देश दिए। पर्यवेक्षकों को सीईओ/जिला वेबसाइटों पर अपने मोबाइल/लैंडलाइन नंबर/ईमेल पते/रहने के स्थान आदि को व्यापक रूप से प्रचारित करने और इले ट्रॉनिक/प्रिंट मीडिया के माध्यम से इसे अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों के आगमन के दिन डीईओ/आरओ द्वारा उ मीदवारों/मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीच प्रसारित करने को कहा।

मु य निर्वाचन आयुक्त ने पर्यवेक्षकों से कहा कि अपने फोन/ई-मेल और उ मीदवारों/ राजनीतिक दलों/आम जनता/चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मियों आदि की कॉल पर उपलब्ध रहें। जवाब दें। इस संबंध में किसी भी शिकायत को आयोग द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करें। अधिक से अधिक मतदान केंद्र और संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा करें और इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ बातचीत करें। क्षेत्रों की कमजोरियों को दूर करने के उपाय सुनिश्चित कराएं। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और आरओ द्वारा बुलाई जा रही उ मीदवारों/राजनीतिक दलों की बैठकों का निरीक्षण करें और देखें कि उनकी शिकायतों को ठीक से सुना जाए और उन पर कार्रवाई की जाए।

मु य निर्वाचन आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को मतदान के दिन मतदान के घंटों के दौरान अधिक से अधिक मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदान केंद्रों के अंदर की स्थिति का नियमित रूप से आकलन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चल रहा है।

केंद्रीय बलों/राज्य पुलिस बलों का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया जा रहा है और निष्पक्षता बनाए रखी जा रही है और उनकी तैनाती भी किसी राजनीतिक दल/उ मीदवार के पक्ष में नहीं है। इस पर भी पर्यवेक्षकों को निगरानी रखने के निर्देश दिए।

पुलिस मु यालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में हुई बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा प्रेक्षकों को चुनाव प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। चुनाव योजना, पर्यवेक्षकों की भूमिकाएं और जि मेदारियां, मतदाता सूची के मुद्दे, आदर्श आचार संहिता, कानूनी प्रावधानों, ईवीएम/वीवीपीएटी प्रबंधन, आयोग द्वारा मतदाताओं और उ मीदारों को उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाजनक एप सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, श्री बसंत कुर्रे, श्री तरूण राठी सहित पुलिस व विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नमाजियों को लात मारना धर्मनिरपेक्षता पर कुठाराघात–भाकपा

सिवनी यशोः- देश की राजधानी दिल्ली की सड़कों पर नमाज पढ़ने वालों पर पुलिस के जवान द्वारा लात मार कर उठाना पुलिस में वर्तमान मोदी सरकार की सांप्रदायिकता वाली नीति के कारण अल्पसं यकों के प्रति मुसलमान के प्रति नफरत जाने का वातावरण निर्मित हो गया है जिससे आम लोग भी अल्पसं यकों के प्रति विशेष कर मुसलमान के प्रति नफरत का भाव अपने मन में रखने लगा है जो की देश में शांतिपूर्ण सोहाद्र पूर्ण वातावरण बनाए रखकर भाईचारे से आपस में रहना कठिन होते जा रहा है जो घटना दिल्ली में घटित हुई वह बहुत निंदनीय है ऐसे लोगों पर स त कार्रवाई की जानी चाहिए विशेष कर सरकारी विभागों में काम करने वाले लोगों के मन में ऐसी बात कभी भी नहीं आनी चाहिए जिस देश में विभिन्न धर्मो के विभिन्न मजहबों के विभिन्न क्षेत्रों के लोग आपस में मिलजुल कर रह सके और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर हो सके।

इसीलिए भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक के साथ डॉ बी सी ओके राजेंद्र जायसवाल ओम प्रकाश बोर्ड तीरथ प्रसाद गजभिए अशोक साहू किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू डेहरिया अंगद सिंह बघेल धनीराम बंडेवार आदि ने दिल्ली में पुलिस द्वारा नमाज पढ़ रहे व्यक्ति को लात मारने की घटना को बहुत गंभीरता से लेते हुए इसकी कड़ी निंदा की है तथा उसे पुलिसकर्मी को बर्खास्त करते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है और मोदी सरकार को आगाह किया है कि यदि फासीवाद के तहत अल्पसं यकों के प्रति नफरत का वातावरण निर्मित किया गया तो देश के लिए बहुत हानिकारक स्थिति निर्मित होगी जो की देश के लिए अच्छा नहीं है।

